## ।।कार्यालय निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान जयपुर।।

(नेहरू नगर, आर0पी0ए0 रोड़ जयपुर–302016 फोन 0141–2301584, फैक्स 0141–2301859 )
e-mail - director.fsl@rajasthan.gov.in

क्रमांकः एफएसएल / यूटीबी / 15469 दिनांक 8-12-2025

## विज्ञप्ति

गृह (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर के पत्रांक– प 03(11) गृह–1/2024/ 21113 पार्ट–2 दिनांक 04.12.2024 द्वारा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला राजस्थान में डीएनए अनुभाग में लम्बित/प्रतिमाह प्राप्त होने वाले प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु जारी स्वीकृति के क्रम में सहायक निदेशक(डी.एन.ए.) के 08 पद एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (डीएनए, जैविक एवं सीरम खण्ड) के 25 पद कुल 33 पदों हेतु पूर्व में जारी विज्ञप्ति में से शेष रहे रिक्त 15 पदों को गृह विभाग के पत्रांक प.3(11) गृह–1/2024(21113) दिनांक 21.11.2025 के द्वारा आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) के आधार पर नियोजन किये जाने की सहमति प्राप्त होने पर सहायक निदेशक(डी.एन.ए.) का 01 पद एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 14 (08 डी.एन.ए., 04 सीरम, 02 जैविक) पदों पर राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान सेवा नियम 1979 के नियम 26 के तहत आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर अधिकतम एक वर्ष या नियमित लोक सेवक उपलब्ध होने तक (जो भी पहले हो) के लिए नियत पारिश्रमिक सहायक निदेशक के लिये रूपये 67,300/– प्रतिमाह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के लिये रूपये 60,700/– प्रतिमाह पर पूर्णतः अस्थाई रूप से जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा, अजमेर प्रयोगशाला में कार्य हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन पत्र का प्रारूप, नियुक्ति हेतु कुल/आरक्षित पदों की संख्या, आवश्यक शर्तें, दिये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप आदि विभाग की वेबसाईट https://home.rajasthan.gov.in/sfsl के Menu में "Recruitments" पर उपलब्ध है अथवा कार्यालय समय में राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर से व्यक्तिशः उपस्थित होकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। प्रत्येक पद/खण्ड हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र स्वीकार किये जावेगें। इस हेतु दिनांक 10.12.2025 से 24.12.2025 तक सांय 5 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र मय समस्त शैक्षणिक, अनुभव एवं अन्य वांछित दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपी रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा अथवा कार्यालय समय/कार्य दिवस. में व्यक्तिशः कार्यालय निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, नेहरू नगर, आर.पी.ए. रोड़, जयपुर, राजस्थान में जमा/भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र निर्धारित तिथि के पश्चात एवं जरिये ई–मेल स्वीकार्य नहीं होगें।

08/12/25

निदेशक
राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला
राजस्थान, जयपुर

# ।।कार्यालय निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान जयपुर।।

(नेहरू नगर, आर0पी0ए0 रोड़ जयपुर–302016 फोन 0141–2301584, फैक्स 0141–2301859 )

## आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर नियोजन हेतु आवश्यक शर्तें

1. राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला राजस्थान के डीएनए अनुभाग में लम्बित प्रतिमाह प्राप्त होने वाले प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर नियोजन हेतु डीएनए खण्ड के सहायक निदेशक के 01 पद एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 14 (08 DNA, 04 Serology, 02 Biology) कुल 15 पदों हेतु आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर अधिकतम एक वर्ष या नियमित लोक सेवक उपलब्ध होने तक (जो भी पहले हो) के लिए नियत पारिश्रमिक पर पूर्णतः अस्थाई रूप से लिया जायेगा।
2. डीएनए खण्ड के सहायक निदेशक के 01 पद एवं डीएनए, जैविक एवं सीरम खण्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के 14 (08 DNA, 04 Serology, 02 Biology) कुल 15 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला में डीएनए परीक्षण हेतु प्राप्त होने वाले प्रकरणों में आवश्यकतानुसार सम्पूर्ण परीक्षण जैसे – सीमन, रक्त, लार आदि के साथ डीएनए परीक्षण एवं रिपोर्टिंग कार्य करना होगा।
3. माननीय न्यायालय द्वारा चाहे जाने पर न्यायालय में उपस्थित होना होगा। आवश्यकता होने पर घटनास्थल निरीक्षण कार्य कर रिपोर्ट करना होगा। इस हेतु राज्य सरकार के नियमानुसार भत्ता देय होगा।
4. किसी भी प्रकार की अनियमितता में लिप्त पाये जाने पर नियमानुसार विधिसम्वत कार्यवाही अमल में लाकर सेवायें तुरन्त प्रभाव समाप्त कर दी जावेगी। सेवा समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं होगा।
5. चयन प्रक्रिया में मेरिट सूची तैयार करने का आधार निम्नानुसार होगा –
    a. मेरिट सूची तैयार करने के लिये अभ्यर्थी के 12वीं, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के अंकों के प्रतिशत को जोड़कर उसका प्राप्त औसत प्रतिशत से मेरिट तैयार की जायेगी।
    b. मेरिट सूची खण्डवार/पदवार तैयार की जायेगी।
    c. समान मेरिट होने पर आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी जावेगी।
6. अभ्यर्थी की वांछित शैक्षणिक योग्यता में यदि ग्रेडिंग सिस्टम है तो अभ्यर्थी आवेदन के समय बोर्ड/विश्वविद्यालय से ग्रेडिंग को प्रतिशत में रूपान्तरित कर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
7. आवेदक दिनांक 01.06.2002 को या इसके पश्चात दो से अधिक जीवित संतान होने पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा। इस सम्बन्ध में शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग/आर्थिक कमजोर

वर्ग/महिलाओं (विधवा एवं परित्यकता महिला सहित) को नियमानुसार आयु में छूट दी जायेगी।

9. आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर नियुक्ति हेतु डीएनए खण्ड के सहायक निदेशक एवं जैविक, सीरम एवं डीएनए खण्ड वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पदों हेतु **पात्रता/योग्यता का निर्धारण राजस्थान फोरेंसिक विज्ञान सेवा नियम, 1979 के अनुसार निम्न प्रकार होगा।**

| क्रम संख्या | पद का नाम | योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | Assistant Director (DNA Division) | (a) M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Zoology/Molecular Biology/Biotechnology/Biochemistry/Microbiology/Genetics from a University established by law in India.<br>**or**<br>M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Forensic Science with specialization in Forensic Biology/Serology/DNA (in III or IV Semester/specialization course of minimum six months duration) and Zoology/ Molecular Biology/Biotechnology/Biochemistry/ Microbiology/Genetics as one of the subjects in Bachelor of Science level from a University established by law in India.<br>**and**<br>(b) Certificate/Diploma in Computer Science/Computer Application or Degree with at least one subject as Computer Science/ Computer Application from a University established by law in India or an institution recognized by the Government.<br>**or**<br>'O' level or higher level Certificate Course by NIELIT (erstwhile DOEACC Society), New Delhi.<br>**and**<br>(c) Three years working experience in the field of Forensic DNA in a F.S.L. of a State or Central Government or similar experience in public undertaking or corporation. |
| 2 | Senior Scientific Officer (Biology/ Serology Division) | (a) M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Zoology/ Molecular Biology / Biotechnology/Biochemistry/Microbiology/Genetics from a University established by law in India.<br>**or**<br>M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Forensic Science with specialization in Forensic Biology/Serology (in III or IV Semester/specialisation course of minimum six months duration), and Forensic Biological Science/ Zoology/Botany as one of the subjects in Bachelor of Science level from a University established by law in India.<br>**and**<br>(b) Certificate/ Diploma in Computer Science/Computer Application or Degree with at least one subject as Computer Science/ Computer Application from a University established by law in India or an institution recognized by the Government.<br>**or**<br>'O' level or higher level Certificate Course by NIELIT (erstwhile DOEACC Society), New Delhi.<br>**and**<br>(c) Two years experience of working in a F.S.L. of a State or |

| | | |
|---|---|---|
| | | Central Government or similar experience in public undertaking or corporation. |
| 3 | Senior Scientific Officer (DNA Division) | (a) M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Zoology / Molecular Biology / Biotechnology / Biochemistry / Microbiology/ Genetics from a University established by law in India.<br>**or**<br>M.Sc. with at least II$^{nd}$ Division in Forensic Science with specialisation in Forensic Biology/Serology/DNA (in III or IV Semester/specialisation course of minimum six months duration) and Zoology or Molecular Biology or Biotechnology or Biochemistry or Microbiology or Genetics as one of the subjects in Bachelor of Science level from a University established by law in India.<br>**and**<br>(b) Certificate/ Diploma in Computer Science/ Computer Application or Degree with at least one subject as Computer Science/ Computer Application from a University established by law in India or an institution recognized by the Government.<br>**or**<br>'O' level or higher level Certificate Course by NIELIT (erstwhile DOEACC Society), New Delhi.<br>**and**<br>(c) Two years working experience in the field of Forensic DNA in a F.S.L. of a State or Central Government or similar experience in public undertaking or corporation. |

10. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग/आर्थिक कमजोर वर्ग/महिलाओं (विधवा एवं परित्यकता महिला सहित) को नियमानुसार आरक्षण देय होगा, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| **Post S. No.** | **Name of Post** | **No. of Post (s)** | **Gen. (UR)** | | | | **S.C.** | | | | **S.T.** | | | | **O.B.C.** | | | | **M.B.C.** | | | | **E.W.S.** | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** | **GEN.** | **GEN. WE** | **WD** | **DV** |
| 1 | Assistant Director (DNA) | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | Senior Scientific Officer (DNA) | 8 | - | - | - | - | 2 | - | - | - | 2 | - | - | - | 3 | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | Senior Scientific Officer (Sero) | 4 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | 1 | - | - | - |
| 4 | Senior Scientific Officer (Bio) | 2 | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

**Horizontal Reservation:-** 1. Ex. Ser.- (Gen./UR-0, SC-0, ST-0, OBC-0, MBC-0, EWS-0)
2. P.H.- (i) B/LV-0, (ii)D. H.H.-0 (iii)LD/CP & others-0, (iv) (a) I.D.,M.I.,S.L.D.,Autism & (b) Mul. Dis.-0)

**Abbreviations Used:** GEN-General, U.R.-Unreserved, SC-Scheduled Castes, St-Scheduled Tribes, OBC-Other Backward Classes, MBC-More Backward Classes, EWS-Economically Weaker Sections, GEN WE-General Women, WD-Widow, DV-Divorce, SA-Scheduled Area, NSA- Non Scheduled Area, B/LV-Blindness/Low Vision, D-Deaf, H.H.-Hard of hearing, Hearing Impairment, LD/CP & Others- Locomotor Disability including Cerebral palsy, leprosy cured, dwarfism, acid attack victims and muscular dystrophy, OA-One Arm, OL-One Leg, BL—Both Leg, I.D.- Intellectual disability, M.I.- Mental Illness, S.L.D.- Specific Learning Disability, Mul.Dis.- Multiple Disbality, Ex. Ser.- Ex Serviceman, P.H.- Physiacal Handicaped.

11. विभिन्न विवाह/तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला अभ्यर्थी को आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक सक्षम न्यायालय द्वारा पारित न्यायालय की डिक्री (माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में के निर्णयानुसार) प्रस्तुत करने पर ही आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाएगा। विवाह/तलाकशुदा/परित्यक्ता विभिन्न आवेदक का तलाक सम्बन्धी प्रकरण/वाद माननीय न्यायालय में विचाराधीन/लम्बित है एवं डिक्री आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम दिनांक तक पारित नहीं हुई है, तो परित्यक्ता/विवाह विभिन्न/तलाकशुदा श्रेणी/वर्ग का लाभ देय नहीं होगा।

12. विभिन्न विवाह/तलाकशुदा/परित्यक्ता श्रेणी की महिला अभ्यर्थी को आवेदन की अंतिम दिनांक तक एवं विधवा महिला को आवेदन की अंतिम तिथि तक अथवा विधवा के द्वारा वर्ग/श्रेणी संशोधन करने पर उसे वर्ग/श्रेणी संशोधन की दिनांक मे पुनर्विवाह नहीं किये जाने संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13. आवेदक उक्त पद हेतु तभी आवेदन करें जब वह उक्त पद हेतु निश्चित निम्न व उच्च आयु सीमा के अन्तर्गत वांछित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से सम्बन्धित सम्पूर्ण मानदण्ड/मापदण्ड पूर्ण करता हो। आवेदक के पास सेवानियमों में उल्लेखित अनुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र होने पर ही पात्र माना जायेगा अन्यथा अपात्र माना जायेगा।

14. आवेदन पत्र के साथ प्रार्थी को संबंधित शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं अंक तालिका (10वीं, 12वीं, स्नातक तथा स्नातकोत्तर)/अनुभव प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/मूल निवास प्रमाण पत्र/विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र की सत्यापित/स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना आवश्यक है।

15. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अनुसार समस्त मूल दस्तावेज आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होगे –

I. कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 04.10.2013 के अनुसरण में धूम्रपान एवं गुटका सेवन नही करने का वचनबंध (Undertaking)।

II. कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2006 के अनुसार विवाहित होने की स्थिति में विवाह पंजीकरण की सूचना/दहेज नहीं लिये जाने का शपथ पत्र।

III. प्रार्थी को संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अंकित शर्तों के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल (राशि रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प एवं नोटरी द्वारा प्रमाणित)।

IV. मूल निवास स्थान थाना क्षेत्र से चरित्र सत्यापन की मूल रिपोर्ट अथवा पुलिस थाने से चरित्र सत्यापन करवाये जाने की रसीद संलग्न करें। थाना क्षेत्र से चरित्र सत्यापन की मूल रिपोर्ट दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

V. राजकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी मूल स्वास्थ्य प्रमाण पत्र।

VI. राजपत्रित अधिकारियों से लिये गये दो चरित्र प्रमाण पत्र, (जो 6 माह से पूर्व के नहीं हो)।

16. उपरोक्त सभी दस्तावेज मूल आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा कार्यालय समय में निर्धारित दिनांक 24.12.2025 तक **कार्यालय निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, नेहरू नगर, आरपीए रोड, जयपुर, राजस्थान – 302016** में व्यक्तिशः जमा कराना आवश्यक होगा।

17. अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

18. चयनित अभ्यर्थियो को नियत पारिश्रमिक के रूप में सहायक निदेशक के लिये रूपये 67,300/– प्रतिमाह एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के लिये रूपये 60,700/– प्रतिमाह के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भत्ता/वार्षिक वेतन वृद्धि/वरिष्ठता आदि का लाभ देय नहीं होगा।

19. अभ्यर्थी को राजस्थान की किसी भी एफएसएल/आरएफएसएल के डीएनए खण्ड में आवश्यकतानुसार कभी भी परीक्षण कार्य हेतु नियोजित किया जा सकता है।

20. चयनित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा।

21. आवेदन पत्र के साथ अपूर्ण दस्तावेज /सूचना होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

22. चयनोपरांत मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु कार्यालय में उपस्थित होना होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

23. दस्तावेज सत्यापन हेतु आवेदक को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, मूल निवास स्थान/जाति प्रमाण पत्र Digilocker में अपलोड करवाने होगें एवं सभी दस्तावेज प्रमाणित/स्वप्रमाणित प्रस्तुत किये जाने आवश्यक है।

24. नियोजन उपरान्त कार्मिक की सेवाएं संतोषप्रद नहीं होने पर इनका UTB आधार पर किया गया नियोजन किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है तथा इस हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
25. चयनित अभ्यर्थी को नियोजन आदेश जारी होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में पदस्थापन स्थान पर अपनी उपस्थिति देनी होगी, अन्यथा उसका चयन/नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त मानते हुये प्रतीक्षा सूची से अन्य योग्य अभ्यर्थी को नियुक्ति दे दी जायेगी। कार्यग्रहण अवधि के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का आक्षेप/छूट मान्य नही होगा।

......................

# राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला राजस्थान

## आवेदन पत्र

(सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पदों पर आवश्यक अस्थाई आधार **(UTB)** पर नियुक्ति हेतु)

Photo

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) .........................................................................................

   (अंग्रेजी में) ..........................................................................................
3. पिता / पति का नाम (हिन्दी में) ..........................................................................................

   (अंग्रेजी में) .........................................................................................
4. माता का नाम (हिन्दी में) ..........................................................................................

   (अंग्रेजी में) .........................................................................................
5. जन्म तिथि ..........................
6. उम्मीदवार की आयु (01.01.2026 की स्थिति में)........................................
7. लिंग ..........................
8. आवेदित श्रेणी (General/SC/ST/BC/MBC/EWS/महिला / विधवा / परित्यकता) ......................................................
9. स्थायी निवास का पता ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..................
10. पत्र व्यवहार का पता ..........................................................................................

    ..........................................................................................

    ..........................................................................................

    ..................
11. मोबाईल नंबर / ई–मेल ..........................................................................................
12. गृह जिला .........................
13. राष्ट्रीयता.............................

14. शैक्षणिक विवरण

| क्रम सं. | परीक्षा का नाम | विषय समूह | बोर्ड / विश्वविधालय / स्कूल / संस्थान का नाम | अनुक्रमांक / नामांकन संख्या | उत्तीर्ण होने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |

15. अनुभव विवरण

| क्रम सं. | अनुभव का प्रकार | नियोक्ता का नाम | नियोक्ता की पंजीकरण संख्या (यदि कोई हो तो) | पद का नाम | विभाग का नाम | काम की प्रकृति | अनुभव की अवधि | | | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | कब से | कब तक | कुल अवधि | |
| 1 | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | |

16. दिनांक 01.06.2002 को जीवित संतान की संख्या...................................................................

17. विवाह पंजीयन की तिथि एवं पंजीयन कार्यालय का विवरण..................................................

मैं यह निष्टा पूर्वक प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त प्रपत्र में दर्शाई गई समस्त सूचनाऐं पूर्णतया सत्य है एवं मैं किसी दण्डनीय अपराध अथवा अनैतिक कृत्यों के लिए आज दिनांक तक कभी भी दण्डित नहीं हुआ हूँ। मैं अपना आवेदन नियत पारिश्रमिक के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु कर रहा हूँ। निर्धारित शपथ–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न है।

दिनांक......................

स्थान........................

आवेदक के हस्ताक्षर

दस्तावेज संलग्नक सूची

| क्रम सं. | दस्तावेज का नाम | संलग्नक न. |
|---|---|---|
| 1 | 10वीं अंकतालिका की प्रतिलिपि | |
| 2 | 10वीं प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 3 | 12वीं अंकतालिका की प्रतिलिपि | |
| 4 | 12वीं प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 5 | स्नातक की अंकतालिका की प्रतिलिपि | |
| 6 | स्नातक उपाधि की प्रतिलिपि | |
| 7 | स्नातकोतर की अंकतालिका की प्रतिलिपि | |
| 8 | स्नातकोतर उपाधि की प्रतिलिपि | |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 10 | कम्प्युटर शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 11 | मूलनिवास प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 12 | जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | |
| 13 | शपथ पत्र (मूल प्रति) | |
| 14 | चरित्र प्रमाण पत्र (2 राजपत्रित अधिकारियों से मूल प्रति) | |
| 15 | सम्बन्धित पुलिस थाना से चरित्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति) | |
| 16 | स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (मूल प्रति) | |
| 17 | अन्य | |

(Affidavit on Rs. 100/- Non Judicial Stamp (Notary attested) Regarding- "No claim for permanent employment")

# शपथ पत्र

मैं....................पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री...................... आयु........... जाति............ निवासी.............. ...........................................................................जिला............................ शपथ पूर्वक यह घोषणा करता / करती हूँ कि :–

1. मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई समस्त सूचनायें सत्य है। शैक्षणिक योग्यता विधि मान्य संस्था से अर्जित किये गये है।
2. यह नियोजन पूर्णतया अस्थायी एवं नियमित पारिश्रमिक के आधार पर हैं भविष्य में इस नियोजन के अधीन, मैं राज्य सरकार से नियमित नियोजन के लिए किसी भी प्रकार से हकदार नहीं रहूंगा / रहूंगी।
3. मैं भविष्य में इस नियोजन के संदर्भ में विभाग में नियमित नियुक्ति के लिये किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करूंगा / करूंगी।
4. कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2006 के अनुसार मैं विवाहित हूँ, मैंने अपना विवाह पंजीकरण करा लिया है तथा विवाह में मैंने कोई दहेज नहीं लिया है।
5. कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 04.10.2013 के अनुसरण में मैं धूम्रपान एवं गुटका सेवन नहीं करने का वचन देता हूँ।
6. मैं भविष्य में नियोजन के उपरान्त किसी भी अन्य स्थान के लिये स्थानान्तरण हेतु हकदार नहीं रहूँगा / रहूँगी, ना ही स्थानान्तरण के लिये पात्र रहूँगा / रहूँगी, ना ही आवेदन करूंगा / करूंगी।
7. जिस स्थान के लिये मेरा चयन किया जायेगा, मैं उस स्थान के मुख्यालय पर निवास करूंगा / करूंगी।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं................. पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री...................... सत्यापित करता / करती हूँ कि उपरोक्त वर्णित पैरा 01 लगायत 07 मेरी निजी जानकारी में सही एवं सत्य है, इसमें ना ही कुछ गलत है ना ही कुछ छिपाया गया है। ईश्वर मेरी मदद करें।

हस्ताक्षर सत्यापनकर्ता

(Affidavit on Rs. 50/- Non Judicial Stamp (Notary attested)

कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति कमांक एफ.7(1)(डी.ओ.पी.) क–2/95, दिनांक 20.06.2001 के कम में संतान सम्बन्धी घोषणा

# शपथ पत्र

मैं......................................... पद..................................................................................................

कार्यालय..........................................................................................................................................

एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की संख्या................................थी।

| क.सं. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |

2. दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात् मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है।

अथवा

दिनांक 01.06.2002 को एवं इसके पश्चात मेरे बच्चों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है एवं वर्तमान में मेरे बच्चों (पुत्र/पुत्री) की संख्या................................थी।

| क.सं. | नाम | पुत्र/पुत्री | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर

नाम .............................

पद .............................

प्रमाणित सक्षम अधिकारी
मय कार्यालय मोहर

## ।।कार्यालय निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान जयपुर।।

(नेहरू नगर, आर0पी0ए0 रोड़ जयपुर–302016 फोन 0141–2301584, फैक्स 0141–2301859 )

### आवश्यक अस्थाई आधार (Urgent Temporary Basis) पर प्राप्त आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद

मैं..............................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री...................... .......................... निवासी.....................................................................................जिला........................... मोबाईल न... ............................. आवेदित पद.....................................................................................हेतु आवेदन पत्र के साथ आज दिनांक.....................को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर रहा हूँ/रही हूँ:–

दस्तावेज संलग्नक सूची

| क्रम सं. | दस्तावेज का नाम | संलग्नक न. | हां/नहीं |
|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं अंकतालिका की प्रतिलिपि | | |
| 2 | 10वीं प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 3 | 12वीं अंकतालिका की प्रतिलिपि | | |
| 4 | 12वीं प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 5 | स्नातक की अंकतालिका की प्रतिलिपि | | |
| 6 | स्नातक उपाधि की प्रतिलिपि | | |
| 7 | स्नातकोतर की अंकतालिका की प्रतिलिपि | | |
| 8 | स्नातकोतर उपाधि की प्रतिलिपि | | |
| 9 | अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 10 | कम्प्युटर शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 11 | मूलनिवास प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 12 | जाति प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि | | |
| 13 | शपथ पत्र (मूल प्रति) | | |
| 14 | चरित्र प्रमाण पत्र (2 राजपत्रित अधिकारियों से मूल प्रति) | | |
| 15 | सम्बन्धित पुलिस थाना से चरित्र प्रमाण पत्र (मूल प्रति) | | |
| 16 | स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (मूल प्रति) | | |
| 17 | अन्य | | |

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर मय सील मोहर

आवेदक के हस्ताक्षर